मेरे श्याम पे तुम विश्वास करो,
विश्वास कभी ना हारा है,
विश्वास कभी ना हारा है,
विश्वास कभी ना हारा है,
भगवान को हारते देखा है,
पर भक्त कभी ना हारा है।।

नरसी ने भरोसे के दम पे,
सब राजसी वैभव छोड़ा था,
मीरा नारायण की खातिर,
हरी नाम से नाता जोड़ा था,
भक्तो के लिए बिक जाते प्रभु,
इतिहास गवाह ये सारा है,
मेरे श्याम पे तुम विश्वास करो,
विश्वास कभी ना हारा है।।

विश्वास की डगर कठिन है जरा,
हर कोई नहीं चल पाता है,
भक्तो के एक कदम के लिए,
सौ कदम कन्हैया बढ़ाता है,
मजधार भी उसका क्या करले,
मजधार भी बनता किनारा है,
मेरे श्याम पे तुम विश्वास करो,
विश्वास कभी ना हारा है।।

मेरे श्याम को मोहित करने का,
सीधा सा सरल ये नुस्खा है,
श्रध्दा और प्रेम समर्पण का,
मेरे ठाकुर को बड़ा चस्का है,
दु:ख तकलीफें आए जितनी,
संकट खुद बनता सहारा है,
मेरे श्याम पे तुम विश्वास करो,
विश्वास कभी ना हारा है।।

मेरे श्याम पे तुम विश्वास करो,
विश्वास कभी ना हारा है,
विश्वास कभी ना हारा है,
विश्वास कभी ना हारा है,
भगवान को हारते देखा है,
पर भक्त कभी ना हारा है।।

Singer Manish Bhatt

Source:
https://www.bharattemples.com/bhagwan-ko-haarte-dekha-hai-par-bhakt-kabhi-na-haara-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw